पैक्स उपभोक्ताओं के लिये शीघ्र ही एकमुश्त योजना

चर्चा में क्यों?

27 जुलाई, 2022 को हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने सहकारी समितियाँ व हरको बैंक के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हरियाणा केंद्रीय सहकारी बैंक की तर्ज़ पर पैक्स उपभोक्ताओं के लिये भी शीघ्र ही एकमुश्त अदायगी योजना बनाई जाएगी, ताकि पैक्स उपभोक्ता भी इस योजना का लाभ उठा सकें।

प्रमुख बिंदु

- सहकारिता मंत्री ने कहा कि राज्य की सभी पैक्स को जल्द-से-जल्द कंप्यूटराइज्ड किया जाएगा। प्रदेश की 751 पैक्स को कंप्यूटराइज्ड किया जा रहा है। पहले चरण में 307 पैक्स को कंप्यूटराइज्ड किया जा रहा है। दूसरे चरण में शेष पैक्स को भी कंप्यूटराइज्ड किया जाएगा।
- उन्होंने कहा कि नाबार्ड पायलेट प्रोजेक्ट के तौर कंप्यूटराइज्ड पैक्स का मुआयना करेगा, इसलिये पैक्स का डाटा अपलोड कर उन्हें जल्द ऑनलाईन करने का कार्य किया जाए। इसके लिये शीघ्र ही पंचकूला में कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की जाएगी।
- प्रदेश की केंद्रीय सहकारी बैंक उपभोक्ताओं के लिये क्रियान्वित एकमुश्त अदायगी योजना के तहत अब तक 28.09 करोड़ रुपए की वसूली की जा चुकी है। सहकारी बैंकों के 24397 सदस्य हैं, जिनमें से 1207 सदस्यों ने एकमुश्त अदायगी योजना का लाभ उठाया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/lump-sum-scheme-soon-for-pacs-consumers